**Nai Dunia (Indore), 11th December 2021, Page-02**

# आइआइटी इंदौर में प्रवेश पूरे 505 रही ओपनिंग रैंक

गजेंद्र विश्वकर्मा • इंदौर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में प्रवेश प्रक्रिया नवंबर अंत में पूरी हो गई। इस बार प्रवेश लेने वालों में जेईई एडवांस में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भी शामिल हैं। काउंसलिंग में संस्थान में प्रवेश लेने वालों की ओपनिंग रैंक 505 रही है। यह प्रवेश कम्प्यूटर साइंस विभाग में हुए हैं। संस्थान में 2012 में जहां औसत पैकेज 9 लाख 36 हजार रुपये सालाना था वह अब बढ़कर 22 लाख 92 हजार रुपये हो गया है।

## इन ब्रांच में यह रही ओपनिंग रैंक


| | |
|---|---|
| कंप्यूटर साइंस | 505 |
| इलेक्ट्रिकल्स | 1,228 |
| मैकेनिकल | 4,558 |
| सिविल | 7,152 |
| मेटलर्जिकल व मटेरियल्स | 8,429 |

**जेईई एडवांस में सौ पर्सेंटाइल वाले विद्यार्थियों की भी पसंद रहा संस्थान**

**आठ वर्ष में प्लेसमेंट में मिलने वाला औसत पैकेज भी हुआ दोगुना**

## संस्थान के इन कोर्स में इतनी सीटें

| | |
|---|---|
| कंप्यूटर साइंस | 83 |
| इलेक्ट्रिकल्स | 85 |
| मैकेनिकल | 87 |
| सिविल | 52 |
| मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग | 53 |



## इन कारणों से बढ़ रहा है आइआइटी इंदौर का प्लेसमेंट

- संस्थान में विश्वस्तरीय लैब स्थापित
- आइआइटी इंदौर में ही बायो साइंस और बायो मेडिकल कोर्स
- इसमें कई शोध भी हो रहे हैं
- कोरोना के इलाज की दवा बनाने का दावा आइआइटी इंदौर ने प्रस्तुत किया
- यूनाइटेड नेशन के साथ मिलकर वैश्विक महामारी हब भी यहां स्थापित किया जा रहा है
- सेना और आइआइएम इंदौर के साथ मिलकर भी कई शोधों पर काम

## संस्थान के इतने फीसद विद्यार्थी मल्टीनेशनल कंपनियों में

| | |
|---|---|
| गूगल | 15 |
| आइबीएम | 15 |
| गोल्डमैन सैश | 15 |
| अमेजन | 25 |
| माइक्रोसाफ्ट | 32 |

एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स, स्पेस इंजीनियरिंग जैसे आधुनिक कोर्स भी संस्थान में कराए जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर, शोध के साधन, आधुनिक हॉस्टल सुविधा, अनुभवी प्रोफेसर और कई संस्थानों के साथ समझौते होने से विद्यार्थियों का ध्यान आइआइटी इंदौर की ओर बढ़ रहा है।
**-प्रो. नीलेश कुमार जैन, कार्यवाहक निदेशक, आइआइटी इंदौर**

## इस क्षेत्र में गए इतने फीसद विद्यार्थी

| | |
|---|---|
| इंजीनियरिंग | 26 |
| शोध | 20 |
| शिक्षा | 20 |
| आपरेशंस | 9 |
| बिजनेस डेवलपमेंट | 7 |
| मानव संसाधन | 5 |
| आइटी | 5 |
| मीडिया एंड कंप्यूनिकेशन | 3 |
| मार्केटिंग | 3 |
| आर्ट्स एंड डिजाइन | 2 |

## बढ़ रहा औसत पैकेज

| वर्ष | पैकेज | प्लेसमेंट प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2012-13 | 9.36 | 92% |
| 2013-14 | 9.13 | 90% |
| 2014-15 | 11.0 | 97% |
| 2015-16 | 11.0 | 100% |
| 2016-17 | 13.65 | 84% |
| 2017-18 | 16.06 | 94% |
| 2018-19 | 18.87 | 90% |
| 2019-20 | 22.92 | 90% |

- 2014 के बाद आइआइटी इंदौर को सिमरोल में स्थाई परिसर में आया
- 500 एकड़ का है आइआइटी परिसर
- 25 से ज्यादा शोध पेटेंट कराए जा रहे हैं एक वर्ष में
- 9.36 लाख रुपये प्रति वर्ष था 2012 में संस्थान का औसत पैकेज
- 22.92 लाख रुपये प्रति वर्ष हो गया है 2020 में यह
- 300 से ज्यादा विद्यार्थियों को नौकरियां आफर हुई हैं 2021 की प्लेसमेंट प्रक्रिया में
- 360 सीटें हैं संस्थान में बीटेक कोर्सेस में
- 1600 विद्यार्थी संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं एमटेक, एमएससी और सभी कोर्सेस को मिलाकर